हरिभूमि
नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026
नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 पारसडोह परियोजना से रबी फसलों के लिए मिलेगा एक पलेवा...



07 सड़क से 10 फीट दूर लगेंगी अस्थाई दुकानें, नागरिकों की मांग की पूरी



खबर संक्षेप

रोजगार मेले के आयोजन हेतु सौंपे दायित्व

नर्मदापुरम। कलेक्टर नर्मदापुरम आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 28 अक्टूबर 2026 को शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पिपरिया जिला नर्मदापुरम में किया जाएगा। तत्संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम हिमांशु जैन द्वारा रोजगार मेले के सुचारु आयोजन हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंप उनकी ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेशानुसार सीईओ श्री जैन द्वारा रोजगार मेला का संपूर्ण प्रभार का दायित्व अनुविभागीय अधिकारी पिपरिया जिला नर्मदापुरम श्री आकिप खान को सौंपा है। साथ ही रोजगार मेला के आयोजन संबंधी अन्य कार्यों एवं व्यवस्थाओं के लिए भी अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है।

आपस में भिड़ीं 2 बाइक लोग हुए घायल

नर्मदापुरम। पिपरिया-बनखेड़ी रोड पर मछली पुलिया के पास 2 बाइकों की टक्कर में एक बाइक पर सवार 2 लोग घायल हो गए। जबकि दूसरी बाइक पर सवार 3 लोग फिलहाल फरार हैं। घायलों को एंबुलेंस से पिपरिया के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों के मुताबिक, दोनों के पैर में फ्रैक्चर हुआ है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।घायलों की पहचान सचिन (19), निवासी पनागर, और माखन (42), निवासी मल्हनबाड़ा, बनखेड़ी के रूप में हुई है।थाना प्रभारी ओपी ठाकुर के अनुसार, मछली पुलिया के पास पहले भी सड़क हादसे हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि पिछली रात भी इसी स्थान पर हुए हादसे में एक बाइक सवार की मौत हुई थी। मौजूदा दुर्घटना के कारणों और दूसरी बाइक के सवारों की पहचान को लेकर पुलिस जांच कर रही है।

स्टारगेज संस्था के सहयोग से किया गया आयोजन

आदिवासी क्षेत्र के होम स्टे में पर्यटकों ने निहारा 'पूनम का पूरा चांद' शरद पूर्णिमा पर स्टार्गेजिंग संस्था ने कराए दूरबीन से पूरे चांद के दीदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर





सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बफर जोन के एस्ट्रो विलेज में तारों व आकाशीय घटनाओं में रुचि रखने वाले पर्यटक आकर्षित हो रहे हैं। स्टारगेज संस्था के सहयोग से तारों की दुनिया पर्यटकों को दिखाई जा रही है। इसी क्रम में रविवार रात एस्ट्रो विलेज ढाबा में पर्यटकों एवं ग्रामीणों को पूनम का पूरा चांद दिखाया गया है।

स्टारगेज संस्था की ओर से ट्रेनर नरेंद्र गौर एवं लक्ष्मी नारायण माझी ने बताया कि बफर जोन जब गठित हुआ तब इसका उद्देश्य वन्यजीवों के दीदार के लिए पर्यटकों को आकर्षित करने का था। यह उद्देश्य पूर्ण हुआ तो मध्य प्रदेश टूरिज्म ने एक नई अवधारणा पर कार्य किया और खगोलीय विज्ञान एवं खगोलीय घटनाओं के प्रेमियों को आकर्षित करने के लिए स्टारगेज संस्था के सहयोग से होमस्टे परिसरों में दूरबीन लगवाए। और अब आकाशीय घटनाओं के प्रेमी पर्यटक भी बफर जोन क्षेत्र में आकर्षित होने लगे हैं। रविवार रात एस्ट्रो विलेज घोषित ग्राम ढाबा के एक होम स्टे में दूरबीन से तारों की दुनिया दिखाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कुल 53 लोगों की उपस्थिति रही। बालाघाट से आए पर्यटक प्रसून पटले एवं साथियों ने दूरबीन से तारों की दुनिया देखी। गांव के स्कूली बच्चों एवं पर्यटकों ने यंत्र से चांद के क्रेटर्स एवं उसमें होने वाली अन्य घटनाओं का दीदार किया। यह कार्यक्रम अहिल्या होम स्टे में किया गया।

संभाग का पहला एस्ट्रो विलेज ढाबा

सूत्र बताते हैं कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बफर जोन का ग्राम ढाबा नर्मदापुरम संभाग का पहला एवं एकमात्र एस्ट्रो विलेज है। जहां स्टारगेज संस्था के माध्यम से होमस्टे में दूरबीन लगाकर आने वाले पर्यटकों को रात्रि में आकाश की दुनिया का दीदार कराया जाता है। रिजर्व प्रबंधन सूत्र बताते हैं कि शीघ्र ही बफर जोन के अन्य ग्रामों में बने होमस्टे के माध्यम से भी आकाशीय दुनिया को दिखाने की व्यवस्था की जाएगी। तथा संभव है कि और एस्ट्रो विलेज विकसित किए जाएं। जहां आकाशीय दुनिया में रुचि रखने वाले पर्यटक आएं, ठहरें और सतपुड़ा के घने जंगलों के साथ-साथ तारों की दुनिया का भी आनंद लें।

देहात थाने में शासकीय कार्य में बाधा डालने पर मामला हुआ दर्ज

स्वामित्व योजना का कार्य करने देर रात पहुंचे पटवारी से एक युवक ने किया विवाद

ग्राम बुधवाड़ा में शासकीय कार्य करने पहुंचे पटवारी से रविवार रात विवाद हो गया जिसकी शिकायत देहात थाने में दर्ज हुई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम के ग्राम बुधवाड़ा में स्वामित्व योजना के तहत रजिस्ट्री करने पहुंचे पटवारी से रविवार रात को एक युवक ने विवाद किया। युवक शराब के नशे में था, उसने ग्राम पंचायत भवन में बैठे पटवारी को स्वामित्व के रजिस्ट्री कार्य करने से रोका। पटवारी से हुई अभद्रता से पटवारी संघ नाराज हो गया। रात 9.30 बजे 40 से ज्यादा पटवारी देहात थाने में एकत्र हुए और शराबी युवक की शिकायत की।

शासकीय कार्य में बाधा डालने पर मामला दर्ज

मामले में रात 11 बजे पुलिस ने लिखीचंद यादव उर्फ बबली यादव के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा और अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया। रात 12 बजे एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह, तहसीलदार भी पटवारियों से मिलने पहुंचे। पटवारी नितिन शर्मा ने बताया कि बुधवार रात करीब 8.15 बजे पंचायत भवन में स्वामित्व की रजिस्ट्री का कार्य कर रहे थे, तभी गांव का लिखीचंद यादव पहुंचा। जो शराब के नशे में धुत था। आते ही गाली देने लगा। जब पटवारी ने कोटवार को लिखीचंद को बाहर ले जाने को कहा तो उसने झूमाझटकी की और शासकीय काम करने से रोका। इसी घटना से आक्रोशित पटवारियों का गुस्सा फूटा और वे सभी थाने एफआईआर कराने पहुंचे।

पटवारियों पर बड़ा काम

सरकार द्वारा वर्तमान में स्वामित्व योजना लागू की गई है जिसमें ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्रों जैसे गांवों के घरों, प्लॉटों और जमीन का सटीक सर्वेक्षण कर वहां के मालिकों को कानूनी 'संपत्ति कार्ड' या अधिकार अभिलेख प्रदान करना। उक्त योजना के अंतर्गत गॉव के आवसीय क्षेत्र का रिकार्ड पंचायतों को प्रदान कर सकेंगे। सम्पत्ति के स्पष्ट आंकलन एवं स्वामित्व का निर्धारण होने से उनके मूल्य में भी वृद्धि होगी। साथ हितग्राही को समय समय पर बढ़ते हुए संपत्ति का मूल्यांकन भी हो सकेगा। उक्त योजना का शासन द्वारा वृहद स्तर पर कार्य किया जा रहा है।

सर्वर बना पटवारियों की परेशानी का सबब

पटवारी संघ जिला अध्यक्ष देवेंद्र कदम, तहसील अध्यक्ष मुकेश गौर ने कहा कि स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन अभियान में रजिस्ट्री करने का दबाव है। सर्वर दोपहर के समय नहीं चल रहा। रात में स्पीड से चल रहा, इसके चलते महिला-पुरुष पटवारियों को रात में गांव पहुंचकर रजिस्ट्री करना पड़ रहा है। जिला पटवारी संघ अध्यक्ष देवेंद्र कदम ने कहा जिले में 370 पटवारी है। इनमें 150 से अधिक महिलाएं है। देर रात गांव में काम करने और आने जाने में उनकी सुरक्षा का खतरा है। तहसील अध्यक्ष मुकेश गौर ने कहा पटवारियों की सुरक्षा के इंतजाम नहीं हैं। सर्वर की समस्या से पंजीयन कार्य प्रभावित हो रहे, लेकिन दबाव पटवारियों पर बना रहे।

वन्यजीव के सींग के टुकड़े जब्त वन विभाग ने दर्ज किया प्रकरण

वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की लगी धारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने गत दिवस मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए वन्यजीव के सींग ग्राम सारंगपुर से जप्त किए। एवं वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण बनाया है।

रिजर्व प्रबंधन द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार ग्राम सारंगपुर निवासी गोपाल आत्मज नन्कू वाडिवा उम्र लगभग 34 वर्ष के निवास पर नियमानुसार तलाशी की गई। कार्रवाई के दौरान वन्यजीव के सींग के टुकड़े बरामद कर जप्त किए गए। उक्त मामले में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 एवं संबंधित वन अधिनियम के तहत वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया है। प्रकरण में संबंधित आरोपी से पूछताछ की जा रही है तथा प्रकरण की जांच एवं अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। आरोपी गोपाल व उसकी पत्नी सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के मढ़ई पर्यटन जोन में गाइड रूप में कार्यरत हैं। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा संबंधित गाइड पंजीयन तत्काल प्रभाव से निरस्त किया गया है। साथ ही बताया गया है कि आरोपी के विरुद्ध नियमों के अनुसार वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

फांसी लगने से युवक की मौत, मर्ग कायम

नर्मदापुरम। ग्राम रायपुर में 22 साल के एक युवक ने फांसी के फंदे पर लटककर जान दे दी। घटना सोमवार सुबह 9 बजे उस समय उजागर हुई, जब उसकी मां किसी काम से छत पर बने टीनशेड में पहुंची। फंदे पर बेटे को लटका देख वह चीख पड़ी। आवाज सुनकर उसके बेटे ऊपर आए, जिसके बाद पड़ोसी भी मौके पर पहुंचे। सूचना पर देहात थाने से दीपक पारासर, अधिकारी ऋषिकेश यादव ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पंचनामे के बाद शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। देहात थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की।

शिक्षाविद् व समाजसेवी अकरम खान को सर्वसमाज ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



विकास खंड शिक्षा अधिकारी प्रख्यात शिक्षाविद् एवं समाजसेवी स्वर्गीय अकरम खान जी की स्मृति में स्थानीय नेहरू पार्क में एक गरिमामयी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि बीते 19 तारीख को पुणे में हृदय के ऑपरेशन के दौरान उनका असामयिक निधन हो गया था। उनके निधन से नगर में शोक की लहर व्याप्त है। सभी धर्मों के प्रति था गहरा सम्मान श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित वक्ताओं ने स्वर्गीय अकरम खान के व्यक्तित्व और उनके सामाजिक योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि वे सर्वधर्म समभाव के सच्चे प्रतीक थे। सपाक्स के जिलाध्यक्ष के. एन. त्रिपाठी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अकरम खान जी सभी धर्मों और वर्गों के पर्व-त्योहारों में पूरे उत्साह से शामिल होते थे। यही कारण है कि उनकी अंतिम विदाई और श्रद्धांजलि सभा में जाति-धर्म की सीमाएं लांघकर पूरे नगर से लोग बड़ी संख्या में एकत्र हुए।

नगर के गणमान्य नागरिकों ने व्यक्त की संवेदना सभा में पूर्व विधायक पंडित गिरजा शंकर शर्मा, साहित्य रत्न पंडित कृष्ण गोपाल मिश्र (नर्मदा महाविद्यालय), पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, समाजसेवी राकेश फौजदार, पत्रकार संघ अध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी और पत्रकार प्रदीप गुप्ता सहित अनेक प्रमुख हस्तियों ने उनके जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला।

सोलर आवर्स में बिजली उपयोग करने पर मिल रही 20 फीसद छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को टाइम ऑफ डे (टीओडी) योजना के अंतर्गत मासिक विद्युत बिल में अतिरिक्त रियायत प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में सितंबर 2026 के दौरान इटारसी शहर के कुल 7225 स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को 7.96 लाख रुपये की अतिरिक्त छूट प्रदान की गई है। कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की विद्युत खपत के आधार पर टीओडी योजना के अंतर्गत यह रियायत दी जा रही है। स्मार्ट मीटरिंग पहल के तहत उपभोक्ताओं को दिन के सोलर आवर्स में बिजली का अधिक उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे वे अपने विद्युत बिल में बचत कर सकें। कंपनी के अनुसार, घरेलू, गैर-घरेलू एवं निम्नदाब औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि को सोलर आवर्स निर्धारित किया गया है। इस अवधि में उपयोग की गई बिजली पर ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर में 20 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जा रही है। विद्युत वितरण कंपनी ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में स्मार्ट मीटर लगवाने में सहयोग करने की अपील की है। कंपनी ने कहा कि स्मार्ट मीटर के माध्यम से उपभोक्ता अपनी बिजली खपत के अनुसार शासन द्वारा दी जा रही रियायत का लाभ उठा सकते हैं।

अवैध रेत परिवहन पर खनिज विभाग की कार्रवाई, 7 वाहन जब्त, प्रकरण भी बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार जिले में रेत एवं अन्य गौण खनिजों के अवैध उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए अवैध एवं ओवरलोड रेत परिवहन में संलिप्त कुल 7 वाहनों को जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है।

खनिज विभाग द्वारा सिवनी मालवा में रेत का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त की गई। इसी प्रकार नर्मदापुरम में डंपर क्रमांक MP04HE3784 एवं MP04HE1958 तथा इटारसी में डंपर क्रमांक MP04BB8391 एवं MP04WB7191 को रेत का ओवरलोड परिवहन करते हुए जप्त किया गया।

इसके अतिरिक्त ग्राम जासलपुर से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली तथा तहसील माखननगर के ग्राम मोहासा से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रेत का अवैध परिवहन करते हुए जप्त किया गया है। जप्त किए गए सभी वाहनों को संबंधित पुलिस थानों की अभिरक्षा में रखा गया है। जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं ओवरलोडिंग पर अंकुश लगाने के लिए खनिज विभाग द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

आगामी त्यौहारों के मद्देनजर खाद्य विभाग ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आगामी दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए आम नागरिकों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने तथा खाद्य पदार्थों में मिलावट पर रोक लगाने के उद्देश्य से प्रशासनिक टीम द्वारा शहर के खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने राजस्थान मिष्ठान भंडार एवं साईं इंडस्ट्री की नमकीन-ब्रेड फैक्ट्री का जायजा लिया। अधिकारियों ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, प्रतिष्ठानों में स्वच्छता तथा खाद्य सामग्री के भंडारण की व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मावा, मिठाई, नमकीन सहित अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए। इन सैंपलों को जांच के लिए भेजा गया है, ताकि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की जा सके। निरीक्षण दल में सिटी मजिस्ट्रेट सीमा बड़ोले, तहसीलदार नगर सुनील शर्मा, फूड सेफ्टी ऑफिसर बी.एस. धाकड़ एवं उनकी टीम उपस्थित रही।

फुटबॉल, हॉकी और वॉलीबॉल में विद्यालय के छह खिलाड़ी चयनित

राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय खेल मंच पर चमके स्प्रिंगडेल्स स्कूल के सितारे, छह और खिलाड़ियों ने बढ़ाया विद्यालय का मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंण्डरी स्कूल, नर्मदापुरम के विद्यार्थियों ने खेल प्रतिभा, अनुशासन और कठिन परिश्रम के दम पर एक बार फिर सफलता का परचम लहराया है। फुटबॉल, हॉकी और वॉलीबॉल में विद्यालय के छह विद्यार्थियों का राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए चयन होना विद्यालय परिवार के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। विद्यार्थियों की इस सफलता ने न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

इस उपलब्धि में अभिनव शर्मा ने फुटबॉल अंडर-17 वर्ग में राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित होकर विद्यालय को विशेष गौरव दिलाया। वहीं, हॉकी अंडर-17 वर्ग में रुद्राक्ष जोशी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर चैंपियन रहे इसी क्रम में अंडर-14 वर्ग में राघवेंद्र पासी का वॉलीबॉल, कार्तिक भारती एवं ध्रुव शर्मा का हॉकी तथा शिवांश पटेल का फुटबॉल में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। इन खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, खेल कौशल और निरंतर अभ्यास से यह उपलब्धि हासिल की है।

प्राचार्य मोना चटर्जी ने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, "हमारे विद्यार्थियों का राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए चयन होना उनके समर्पण, अनुशासन और अथक परिश्रम का परिणाम है। खेल विद्यार्थियों को जीतने की खुशी के साथ-साथ चुनौतियों का सामना करने, टीम भावना विकसित करने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। मुझे विश्वास है कि हमारे ये प्रतिभाशाली खिलाड़ी आगामी प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।"

डायरेक्टर डॉ. आशीष चटर्जी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा, "खेलों में सफलता केवल प्रतिभा से नहीं, बल्कि निरंतर अभ्यास, दृढ़ संकल्प और अनुशासन से प्राप्त होती है। हमारे विद्यार्थियों का राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर चयन इस बात का प्रमाण है कि सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर विद्यार्थी अपनी क्षमता का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकते हैं। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेलों में भी उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करना है।

मानस लीग के साक्षात्कार में बच्चों में दिखाई दिया उत्साह



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

श्रीऋषिकुल विद्यालय नर्मदापुरम द्वारा आयोजित दसवें वर्ष की 'मानस लीग प्रतियोगिता' की लिखित परीक्षा के उपरांत सोमवार को श्री प्रेम शंकर दुबे स्मृति पत्रकार भवन में साक्षात्कार का आयोजन किया गया। इटारसी तहसील के 52 शिक्षण संस्थानों में आयोजित इस प्रतियोगिता के तहत, लिखित परीक्षा के बाद कुल 80 चयनित छात्र-छात्राओं में से 61 परीक्षार्थियों ने साक्षात्कार में हिस्सा लिया। प्रातः 11 बजे से शुरू हुए इस सत्र में निर्णायक मंडल के सदस्यों कुमारी मंजू सिंह ठाकुर, अरविंद शर्मा, राहुल शरण और भूपेंद्र विश्वकर्मा ने छात्र-छात्राओं से रामचरितमानस के आधार पर प्रश्न पूछकर साक्षात्कार लिया। ऋषिकुल विद्यालय नर्मदापुरम के अध्यक्ष गिरिजा शंकर शर्मा एवं समन्वयक वैभव शर्मा के मार्गदर्शन में हुए इस आयोजन में पर्यवेक्षक के रूप में शिक्षक रोहित तिवारी और राकेश शर्मा मौजूद रहे।

खबर संक्षेप



कांग्रेस ने चुनाव आयुक्त का फूंका पुतला

भौंरा। जिला कांग्रेस कमेटी बैतूल के अध्यक्ष निलय डागा के निर्देश पर उपखंड ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भौंरा द्वारा सोमवार को नगर में वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान के तहत देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका गया। इस अवसर पर उपखंड ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रुपलाल यादव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शाहपुर के प्रभारी राकेश साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी धनराज मालवीय, गौ संवर्धन प्रकोष्ठ के पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश कवडकर, उपखंड ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सिद्दीक कुरैशी, कर्मवीर यादव,पंचायत अध्यक्ष दीपक नेमा, वार्ड क्रमांक 9 के पंच दीपक वंशकार, अनिल मानकर, दीपक अड़लक, प्रेम साहू, असरफ खान सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में कांग्रेस के लोगों ने आम जनता को वोटर लिस्ट में हुई हेराफेरी की जानकारी वोटर को दी।

हाथी नाले के किनारे से 96 किलो प्लास्टिक कचरा एकत्रित

बैतूल। 75 कदम अभियान के 25वें दिन वृंदा सोशल फाउंडेशन के सहयोग से सागौन वन के पास हाथी नाले के किनारे सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान लगभग 96 किलो पॉलीथिन, प्लास्टिक और डिस्पोजल सामग्री एकत्रित कर नगर पालिका को सौंपी गई। अभियान में शामिल सदस्यों ने सार्वजनिक स्थानों पर पॉलीथिन और प्लास्टिक कचरा फेंकने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि नालों और नालियों में फेंका जाने वाला प्लास्टिक कचरा नदी के पानी के प्रवाह और पर्यावरण को प्रभावित करता है। इससे बचाव के लिए नागरिकों को सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने से बचना चाहिए। अभियान में डॉ. चंद्रशेखर त्रिपाठी, नवल सिंह ठाकुर, शंकर चांवरिया, हेमन्त चंद्र, बबलू दुबे, राधेलाल बनखेड़े, दीपक नामदेव, पिंकी भाटिया, सत्येंद्र नागले, श्रीमती नीलम दुबे, अनिल दुबे और वृंदा सोशल फाउंडेशन के संचालक राहुल सिंह ठाकुर शामिल रहे। इस अवसर पर अनिल दुबे एवं श्रीमती नीलम दुबे ने कहा कि नालों में फेंका जाने वाला प्लास्टिक कचरा नदी के लिए नुकसानदायक है। पिंकी भाटिया, आर. एल. बनखेड़े और दीप मालवी ने भी प्लास्टिक कचरे से होने वाले नुकसान के प्रति लोगों को जागरूक किया। नागेन्द्र सरनकर और राधेलाल बनखेड़े ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पॉलीथिन और प्लास्टिक कचरे का उचित निपटान जरूरी है। अभियान के सदस्यों ने नागरिकों, दुकानदारों और फल-सब्जी विक्रेताओं से सार्वजनिक स्थानों पर पॉलीथिन व प्लास्टिक कचरा नहीं फेंकने और इनके उपयोग को कम करने की अपील की। अभियान का 26वां चरण मंगलवार, 27 अक्टूबर को सुबह 8 बजे एचएमटी फैक्ट्री, सदर से शुरू होगा। अभियान से जुड़े सदस्यों ने नागरिकों से इसमें शामिल होने की अपील की है।

नशा मुक्त युवा विषय पर युवाओं ने रखे विचार

बैतूल। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा माय भारत के तत्वावधान में ब्लॉक घोड़ाडोंगरी में पड़ोस युवा संसद 2026-27 का आयोजन नशा मुक्त युवा थीम पर किया गया। कार्यक्रम में युवाओं ने नशे के दुष्प्रभावों, इसके कारणों तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के उपायों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी सुषमा गवली, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक संतोष राजपूत एवं संभागीय समन्वयक कौशल तिवारी सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान युवा संसद की कार्यवाही संसदीय प्रक्रिया के अनुरूप आयोजित की गई। युवाओं ने नशे की बढ़ती प्रवृत्ति और उसके सामाजिक दुष्परिणामों पर चर्चा करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार की खुशहाली और समाज के विकास को प्रभावित करता है।

किसानों से कम पानी वाली फसलों की बुवाई करने की अपील

पारसडोह परियोजना से रबी फसलों के लिए मिलेगा एक पलेवा, एक पानी





10 पंपों की टेस्टिंग शुरू, पांच पंपों का परीक्षण सफल; कम बारिश के चलते जल उपलब्धता पर चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

रबी सिंचाई वर्ष 2026-27 के लिए जल संसाधन विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पारसडोह मध्यम उद्वहन सिंचाई परियोजना के कमांड क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के पाइप नेटवर्क के माध्यम से सिंचाई संचालन का ट्रायल शुरू कर दिया गया है। वरिष्ठ सिंचाई अधिकारियों की उपस्थिति में परियोजना के पंपों की टेस्टिंग की जा रही है। अब तक पांच पंपों का परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। सभी पांचों पंप चालू स्थिति में पाए गए हैं और जांच के दौरान कोई तकनीकी समस्या सामने नहीं आई है। शेष पांच पंपों की टेस्टिंग भी शाम तक पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है। जल संसाधन विभाग के अनुसार, जिला मुख्यालय पर आयोजित जल उपयोगिता समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के मुताबिक पारसडोह मध्यम उद्वहन सिंचाई परियोजना के कमांड क्षेत्र के किसानों को रबी सीजन में एक बार पलेवा और एक बार सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए विभाग ने तकनीकी तैयारियां शुरू कर दी है, ताकि निर्धारित व्यवस्था के अनुसार किसानों को सिंचाई का पानी पहुंचाया जा सके।

10 पंपों के जरिए संचालित होगी सिंचाई व्यवस्था

पारसडोह सिंचाई परियोजना में दायीं और बायीं तट नहरों के लिए कुल 10 पंप लगे हैं। इनमें पांच पंप बायीं ओर तथा पांच पंप दायीं ओर स्थापित हैं। विभाग ने बायीं ओर के सभी पांच पंपों को एक-एक घंटे चलाकर उनकी कार्यक्षमता की जांच पूरी कर ली है। सभी पंप सही तरीके से काम करते पाए गए हैं। शेष पांच पंपों का परीक्षण पूरा होने के बाद सिंचाई संचालन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। पंपों की टेस्टिंग का उद्देश्य सिंचाई सीजन शुरू होने से पहले पाइप नेटवर्क और जल आपूर्ति व्यवस्था की कार्यक्षमता सुनिश्चित करना है, ताकि किसानों को निर्धारित मात्रा में पानी उपलब्ध कराने के दौरान तकनीकी परेशानियों का सामना न करना पड़े।

कम बारिश से बांधों में सीमित जल उपलब्धता की चिंता

इस वर्ष कम वर्षा होने के कारण मुलताई सिंचाई डिविजन के अंतर्गत आने वाली लगभग 110 सिंचाई परियोजनाओं में जल संग्रहण प्रभावित हुआ है। इनमें पांच मध्यम सिंचाई परियोजनाएं भी शामिल हैं। कम बारिश के चलते कई परियोजनाओं के बांध पूरी क्षमता से नहीं भर पाए हैं। ऐसे में रबी सीजन के दौरान किसानों को पर्याप्त सिंचाई जल उपलब्ध हो पाएगा या नहीं, इसको लेकर चिंता बनी हुई है। पारसडोह बांध में वर्तमान में लगभग 77 प्रतिशत जल संग्रहण बताया गया है। विभागीय योजना के अनुसार, परियोजना के कमांड क्षेत्र में आने वाले लगभग 19,785 हेक्टेयर क्षेत्र के किसानों को निर्धारित व्यवस्था के तहत सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाना है। हालांकि, सीमित जल उपलब्धता को देखते हुए इस बार किसानों को पानी का उपयोग बेहद सावधानी और समझदारी से करना होगा।

पानी का अपव्यय रोकने के लिए किसानों से जल संरक्षण की अपील

जल संसाधन विभाग ने कमांड क्षेत्र के किसानों से सिंचाई के लिए उपलब्ध पानी का अधिकतम दक्षता के साथ उपयोग करने की अपील की है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की पाइप लाइनों के माध्यम से पानी की आपूर्ति के दौरान किसी भी प्रकार का अनावश्यक अपव्यय नहीं होना चाहिए। जल वितरण व्यवस्था को सुचारू और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए किसानों से निर्धारित नियमों का पालन करने तथा जल उपयोगिता समितियों के साथ समन्वय बनाए रखने की अपील की गई है ताकी कमांड क्षेत्र के अधिक से अधिक किसानों को निर्धारित व्यवस्था के अनुसार सिंचाई का लाभ मिले।

कम पानी वाली फसलों की बुवाई करने की सलाह

कम वर्षा और सीमित जल संग्रहण को देखते हुए जल संसाधन विभाग ने किसानों को इस रबी सीजन में कम पानी की आवश्यकता वाली फसलों की बुवाई करने की सलाह दी है। विभाग के अनुसार, उपलब्ध पानी का न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित करने के लिए फसल चयन में सावधानी बरतना जरूरी है। किसानों से अपील की गई है कि वे अपनी फसलों की सिंचाई की जरूरत का आकलन कर ही बुवाई करें, ताकि उपलब्ध जल का उपयोग लंबे समय तक और अधिक प्रभावी तरीके से किया जा सके। पानी की बचत और बेहतर जल प्रबंधन से कमांड क्षेत्र के किसानों को सीमित संसाधनों में सिंचाई का लाभ दिलाने में मदद मिल सकती है।

कम बारिश से सूखने लगी नदी

भैंसदेही में मंडराया जल संकट, नगर परिषद ने गोतमा नदी पर किए चार बोरी बंधान



कलेक्टर के निर्देश पर जल संरक्षण की कवायद शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल/भैंसदेही

इस साल अल्पवर्षा के चलते भैंसदेही शहर में अक्टूबर में ही जल संकट की आहट सुनाई देने लगी। औसत से कम बारिश होने के कारण गोतमा नदी सहित अन्य नदी-नाले समय से पहले ही सूखने लगे हैं। आने वाले गर्मी के मौसम में पेयजल संकट गहराने की आशंका को देखते कलेक्टर के निर्देश पर नगर परिषद भैंसदेही ने जल संरक्षण की मुहिम तेज कर दी है। इसी कड़ी में नगर परिषद द्वारा गोतमा नदी पर चार अलग-अलग स्थानों पर बोरी बंधान का निर्माण किया गया है। बोरियों में रेत भरकर बनाए गए इन अस्थायी स्टॉप डेम से नदी के बहते पानी को रोका गया है। नगर परिषद अध्यक्ष मनीष सोलंकी और सीएमओ केएस उइके के मार्गदर्शन में यह कार्य युद्धस्तर पर किया गया। सीएमओ केएस उइके ने बताया कि गोतमा नदी शहर की जीवन रेखा है। नदी में रुके हुए पानी से आसपास के कुओं, बोरवेल और हैंडपंपों के जलस्तर में सुधार होगा, और पीने के पानी की समस्या से राहत मिलेगी। इस वर्ष अल्पवर्षा के चलते नदी में पर्याप्त पानी नहीं है। जो थोड़ा बहुत पानी बचा है, अगर वह बह गया तो दिसंबर-जनवरी से ही शहर में पानी संकट हो सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए जो पानी उपलब्ध है, उसे रोक कर भूजल स्तर बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। नगर परिषद ने नागरिकों से भी अपील की है कि पानी का उपयोग बेहद सावधानी और समझदारी से करें और जल संरक्षण में सहयोग करें।

भोले बाबा की मूर्ति का विसर्जन हर्षोल्लास के साथ किया



शाहपुर। नगर में वार्ड नंबर 12 मंगल पांडे में 14 दिनों पूर्व विराजित बाबा महाकाल की मूर्ति का विसर्जन मां माचना शिव शंकर उत्सव समिति द्वारा नृत्य करते हुए किया गया। इस अवसर पर वार्ड के महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे शामिल हुए। बाबा महाकाल के जयकारे लगाए। विसर्जन में मुख्य रूप से अक्षय जगताप, यथार्थ जांगड़े, संजू प्रजापति, गोलू प्रजापति, अनमोल राठौर, लकी प्रजापति, भावेश प्रजापति, अंश प्रजापति, युवराज प्रजापति, लक्ष्य राठौर, कुलदीप धोटे, आदि सम्मिलित हुए। शरद पूर्णिमा के अवसर पर बंजारन मंदिर में भंडारे का आयोजन भी किया गया।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र की मोरखा शाखा में 1.14 करोड़ की अनियमितता का मामला

पुलिस ने तीन अन्य आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



बोरदेही पुलिस ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र की मोरखा शाखा में सामने आए लगभग 1 करोड़ 14 लाख रुपये की वित्तीय अनियमितता एवं कथित धोखाधड़ी के प्रकरण में तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

प्रकरण की जांच में खाताधारकों की बैंकिंग जानकारी एवं नेट बैंकिंग प्रक्रिया का कथित दुरुपयोग कर मोबाइल नंबर बदलने, एफडी की राशि निकलवाने तथा बैंक खातों से राशि विभिन्न खातों में हस्तांतरित किए जाने की जानकारी सामने आई है। पुलिस द्वारा बैंक खातों के लेनदेन, आरोपियों की भूमिका एवं धोखाधड़ी की राशि के उपयोग के संबंध में विस्तृत विवेचना की जा रही है। प्रकरण की विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलित कर बोरदेही पुलिस ने शैलेंद्र सोनी, पिता स्वर्गीय चंदनलाल सोनी निवासी ग्राम मोरखा, मिथिलेश सोनी पिता स्वर्गीय चंदनलाल सोनी निवासी ग्राम मोरखा और मयंक सोनी पिता शैलेंद्र सोनी निवासी ग्राम मोरखा को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ कर प्रकरण में उनकी भूमिका तथा अन्य संबंधित व्यक्तियों एवं बैंक खातों से जुड़े तथ्यों की जांच की जा रही है। आरोपी शैलेंद्र सोनी से संबंधित वह सिम कार्ड जप्त किया गया है, जिसका उपयोग विधि विरुद्ध बालक मयंक सोनी द्वारा कथित घटना में किया गया था। आरोपी मिथिलेश सोनी से घटना में प्रयुक्त सिम कार्ड एवं मोबाइल फोन जप्त किए गए हैं। आरोपी मयंक सोनी से एक मोबाइल फोन एवं एक सिम कार्ड जप्त किया गया है। जप्त इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों एवं सिम कार्ड की जांच के माध्यम से बैंक खातों से संबंधित गतिविधियों, संभावित संपर्कों एवं अन्य साक्ष्यों का परीक्षण किया जा रहा है।

बता दे कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र की मोरखा शाखा से संबंधित खाताधारकों की शिकायतों पर थाना बोरदेही में छह अलग-अलग अपराध पंजीबद्ध किए गए हैं। शिकायतों में खाताधारकों की अनुमति के बिना बैंक खातों से राशि निकाले जाने अथवा अनधिकृत लेनदेन किए जाने के आरोप लगाए गए हैं। प्रारंभिक जांच में बैंकिंग प्रक्रिया एवं नेट बैंकिंग का कथित दुरुपयोग कर खाताधारकों के पंजीकृत मोबाइल नंबर बदलने, एफडी की राशि निकलवाने तथा राशि को अन्य खातों में हस्तांतरित करने संबंधी तथ्य सामने आए हैं। पुलिस द्वारा पूर्व में भी इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। तीन अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद प्रकरण से संबंधित वित्तीय लेनदेन, कथित धोखाधड़ी की राशि के उपयोग एवं अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका की विस्तृत जांच जारी है।

नपा में आयोजित समीक्षा बैठक

कचरा वाहनों को देना होगा सूखा और गीला अलग-अलग कचरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

स्वच्छता व्यवस्था सुधारने के लिए नगरपालिका अब गीला और सूखा कचरा अलग-अलग नहीं देने वाले घरों पर सख्ती करने की तैयारी में है। नगरपालिका ने घरों से कचरे का शत-प्रतिशत पृथक्करण सुनिश्चित करने के लिए एक महीने की समय-सीमा तय की गई है। दरअसल नगरपालिका में हुई समीक्षा बैठक में शहर की स्वच्छता के साथ जल संकट, सड़क चौड़ीकरण, सौंदर्यीकरण और निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। बैठक में नगरपालिका के इंजीनियर, राजस्व अधिकारी, स्वास्थ्य निरीक्षक एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर आगामी गर्मी में जल संकट से निपटने के लिए ताप्ती डेम में बोरी बंधान और रेत का अस्थायी अवरोध बनाने का काम अगले दो दिनों में शुरू करने के निर्देश दिए गए। यह काम सामान्य तौर पर दिसंबर में किया जाता था, लेकिन इस बार इसे पहले शुरू किया जाएगा। बैठक में ताप्ती बैराज के पुनर्निर्माण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा गंज मंडी की 24 दुकानों से जुड़े प्रकरण को एक सप्ताह में साधिकार समिति के सामने रखने के निर्देश दिए गए हैं और 61 दुकानों की शिफ्टिंग प्रक्रिया तेज करने को कहा गया है। पहले से 44 दुकानों का निर्माण हो चुका है। बाकी दुकानों का निर्माण इसी महीने पूरा कर दुकानदारों को शिफ्ट करने की तैयारी है।

कॉलेज चौक पर दो दिन में डामरीकरण

कॉलेज चौक पर अगले दो दिनों में तत्काल डामरीकरण कराने और सडक चौड़ीकरण के लिए टेंडर प्रक्रिया आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए। अंबेडकर चौक के सौंदर्यीकरण की योजना एक सप्ताह में तैयार करने को कहा गया है। दिव्यांग पार्क की डीपीआर शासन को भेजने की प्रक्रिया की भी समीक्षा की गई। कमानी गेट पर आकर्षक लाइटिंग और सौंदर्यीकरण का काम एक महीने में शुरू करने के निर्देश दिए गए। इटारसी रोड और चक्कर रोड पर प्रकाश व्यवस्था के लिए टेंडर जारी करने को कहा गया है। इसके अलावा करीब 48 करोड़ रुपए की जलप्रदाय योजना के प्रस्ताव की प्रक्रिया भी आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बैठक में नपा के अधिकारी और संबंधित विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सामुदायिक भवन के लिए 20 और अंबा माई मंदिर के विकास के लिए 5 लाख रुपए की दी स्वीकृति

ढोलेवार कुनबी समाज को 25 लाख की सौगात



बैतूल। ढोलेवार कुनबी समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपए और आमला के खानापुर स्थित कुलदेवी अंबा माई मंदिर में अतिरिक्त विकास कार्यों के लिए 5 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने समाज संगठन के प्रतिनिधियों से चर्चा के बाद यह स्वीकृति दी। इससे समाज की लंबे समय से चली आ रही सामुदायिक भवन की आवश्यकता पूरी करने और मंदिर में विकास कार्य कराने का रास्ता साफ हुआ है। ढोलेवार कुनबी समाज संगठन के प्रतिनिधियों ने विधायक से मुलाकात कर दोनों कार्यों के लिए आर्थिक सहयोग मांगा था। स्वीकृति मिलने पर समाजजनों ने हेमंत खंडेलवाल का शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया और आभार जताया। सामुदायिक भवन बनने से समाज के कार्यक्रमों और बैठकों के आयोजन में सुविधा मिलेगी, वहीं मंदिर में अतिरिक्त विकास कार्यों से श्रद्धालुओं को भी लाभ होगा। इस दौरान समाज के जिला अध्यक्ष भोलाराम कोकाटे, पूर्व जिला अध्यक्ष रेवती प्रसाद सरले, नीतू पटेल, मुन्नालाल कोकाटे, हरिशंकर रावत और घनश्याम टीकमे सहित समाज के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

नामूली कहासुनी बलवे में तब्दील, जमकर हुई पत्थरबाजी

बैतूल। गंज थाना क्षेत्र संजय कालोनी में रविवार रात को उस समय बवाल मच गया जब मामूली कहासुनी के विवाद ने बलवे का रूप ले लिया। दो पक्ष के लोग आपस में भिड़ गए। पथराव करना शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही गंज पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाइश के बाद मामला शांत हुआ। गंज थाना प्रभारी अमित पवार ने बताया कि विशाल बेतरे और आदित्य पाटनकर के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि एक दूसरे के साथ गाली गलौज करना शुरू कर दिया। दोनों युवकों ने अपने दोस्तों को मौके पर बुला लिया। इसके बाद विवाद और बढ़ गया और एक दूसरे के साथ दोनों गुट के लोगों ने मारपीट करना शुरू कर दिया। एक दूसरे पर पत्थरबाजी की। पत्थरबाजी में कुछ गाड़ियां क्षतिग्रस्त होने की भी जानकारी सामने आई है। दो गुटों के बीच काफी देर तक विवाद होते रहा। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और दोनों पक्षों को समझाइश दी। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों के लोगों ने मारपीट की शिकायत दर्ज की है। शिकायत पर बलवे की धारा में काउंटर केस दर्ज किया है।

सोमवार सुबह अस्पताल में इलाज के दौरान तोड़ा दम

नगर पालिका के फायरमैन भूपेंद्र सिंह राठौड़ का निधन

दो दिन में दो बार जहरीले पदार्थ के सेवन की बात आई सामने



मुलताई। नगर पालिका मुलताई में फायरमैन के पद पर कार्यरत भूपेंद्र सिंह राठौड़ (36) का सोमवार सुबह सरकारी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। परिजनों के अनुसार, रविवार शाम जहरीले पदार्थ के सेवन के बाद उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की खबर से नगर पालिका कर्मचारियों, सहकर्मियों और परिचितों में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, भूपेंद्र सिंह ने दो दिन पहले भी जहरीले पदार्थ का सेवन किया था। तब परिजन उन्हें उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे थे। उपचार के बाद उनकी हालत में सुधार होने पर उन्हें घर भेज दिया गया था। रविवार शाम उनकी तबीयत दोबारा बिगडऩे पर परिजन उन्हें तत्काल मुलताई के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां सोमवार सुबह उपचार के दौरान उनका निधन हो गया।

घटना के कारणों का नहीं हुआ खुलासा

प्रारंभिक जानकारी में घटना के पीछे निजी कारण होने की बात कही जा रही है, हालांकि इसकी वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। मामले में किसी कारण की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घटना से जुड़े तथ्यों और परिस्थितियों की जानकारी पुलिस की जांच एवं आधिकारिक बयान के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। भूपेंद्र सिंह राठौड़ नगर पालिका में फायरमैन के पद पर कार्यरत थे। सहकर्मियों और परिचितों के बीच वे अपने मिलनसार स्वभाव और अच्छे व्यवहार के लिए पहचाने जाते थे।

ढोल-डीजे की धुन पर निकला भव्य विसर्जन जुलूस

बाल स्वरूप में विराजे भोलेनाथ को देखने उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौंरा



बाल स्वरूप में विराजित भगवान भोलेनाथ की मनमोहक प्रतिमा, मां भगवती की सजीव झांकी और देवी-देवताओं की वेशभूषा में कलाकारों की नृत्य प्रस्तुतियों के बीच रविवार को शरद पूर्णिमा पर नगर में भव्य विसर्जन जुलूस निकाला गया।

पटेल वार्ड के अग्निहोत्री निवास स्थित पंचमुखी रिद्धि-सिद्धि गणेशालय मंदिर में हवन-पूजन और भंडारे के बाद शाम करीब 4 बजे शुरू हुए जुलूस में श्रद्धा और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। ढोल-डीजे की धुन पर नाचते-गाते श्रद्धालु नगर भ्रमण में शामिल हुए। भंडारे में क्षेत्रीय विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके भी अपने समर्थकों के साथ शामिल हुए। जुलूस में एक रथ पर भगवान भोलेनाथ के बाल स्वरूप की प्रतिमा विराजित की गई थी, जबकि दूसरे रथ पर मां भगवती की आकर्षक झांकी सजाई गई। मां भगवती की वेशभूषा में सुसज्जित कलाकार और उनके साथ भगवान बजरंगबली की झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। प्रतिमाओं और झांकियों की सजावट देखने के लिए रास्ते भर लोग रुकते रहे। जुलूस में शामिल कलाकारों ने भगवान राधा-कृष्ण, शंकर-पार्वती और मां महाकाली की वेशभूषा में आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए। विशेष रूप से महाकाली की वेशभूषा में कलाकार की प्रस्तुति ने लोगों का ध्यान खींचा। आकर्षक परिधान और नृत्य के माध्यम से कलाकारों ने धार्मिक प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। नगर में जगह-जगह चल समारोह का स्वागत किया गया। जुलूस पटेल वार्ड से शुरू होकर सीमेंट रोड, रामलीला चौक,बस स्टैंड, मेन रोड, माता मोहल्ला और बजरंग मंदिर मार्ग से होते हुए मां बिजासन मंदिर स्थित नदी पहुंचा। पूरे मार्ग में ढोल-डीजे की गूंज और जयकारों के बीच श्रद्धालु उत्साह से आगे बढ़ते रहे। नदी पर पहुंचने के बाद भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा का पूजन और आरती की गई। इसके पश्चात विधि-विधान से प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

खबर संक्षेप

चल समारोह में मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह के 7 आरोपी गिरफ्तार

देवास। माँ दुर्गा विसर्जन मुख्य चल समारोह में श्रद्धालुओं की भीड़ का फायदा उठाकर मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह का कोतवाली पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो विधि से संघर्षरत बालकों को अभिरक्षा में लिया गया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 1 लाख 60 हजार रुपये कीमत के छह स्मार्टफोन जब्त किए गए हैं। मामले में मोबाइल चोरी के छह प्रकरणों का खुलासा हुआ है। सीएसपी के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की। ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का विश्लेषण, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर गिरोह तक पहुंच बनाई गई।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में नीलेश सोलंकी और निखिल सोलंकी निवासी देवास सहित राज सोलंकी, जयसूर्या पवार, भगत सोलंकी, युवराज सोलंकी और नीलछाम सोलंकी निवासी उज्जैन शामिल हैं। दो बालक गुना और उज्जैन जिले के निवासी हैं। कोतवाली थाने में फरियादियों की रिपोर्ट पर छह प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

नगर परिषद ने स्टेट हाईवे किनारे अस्थाई दुकान क्षेत्र निर्धारण के लिए डाला चूना

सड़क से 10 फीट दूर लगेंगी अस्थाई दुकानें, नागरिकों की मांग की पूरी

सोमवार को नपकर्मियों ने हाईवे से 10 फिट दूर चूना लाइन डाली, ताकि अस्थाई दुकानें हाईवे से दूर रहें। नप सहायक राजस्व निरीक्षक संजय परसाई ने बताया कि एसडीएम डॉ. बबीता राठौर के निर्देशानुसार आगामी त्यौहार दौरान बाजार व्यवस्थित रखने के प्रयास जारी हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



दीपावली के लिए दो सप्ताह तक स्थाई व अस्थाई दुकानें शहर के बाजार में सजेंगी। लेकिन अस्थाई दुकानेन स्टेट हाईवे किनारे लगती हैं। जिनसे यातायात बाधित ना हो, इसलिए नप द्वारा चूना लाइन डालने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

सोमवार को नपकर्मियों ने हाईवे से 10 फिट दूर चूना लाइन डाली, ताकि अस्थाई दुकानें हाईवे से दूर रहें। नप सहायक राजस्व निरीक्षक संजय परसाई ने बताया कि एसडीएम डॉ. बबीता राठौर के निर्देशानुसार आगामी त्यौहार दौरान बाजार व्यवस्थित रखने के प्रयास जारी हैं। सबसे पहले अस्थाई दुकानों को स्टेट हाईवे से हटाकर अन्यत्र लगाने पर विचार किया जा रहा है। ताकि अस्थाई दुकानों का बाजार व्यवस्थित हो एवं नागरिक भी भयमुक्त होकर अस्थाई दुकानों से झाड़ू, दिये, फूल, प्रसाद, मिट्टी से निर्मित सामग्री, प्रतिमा आदि क्रय कर सकें। क्योंकि स्टेट हाईवे किनारे लगी अस्थाई दुकानों पर यातायात की बाधा के चलते ग्राहक रुकते नहीं हैं और इससे छोटे व्यापारियों का व्यापार प्रभावित होता है। अतः प्रयास हैं कि बाजार व्यवस्थित लगे, दुकानों पर व्यापार हो, नागरिकों को आवाजाही का रास्ता मिले और स्टेट हाईवे पर यातायात बाधित ना हो।

नागरिकों का कहना है कि अस्थाई दुकानों की लाइन में प्रत्येक दो दुकानों के बीच कम से कम पांच फिट का रास्ता दिया जाए। ताकि ग्राहक स्थाई दुकानों भी जा सकें। क्योंकि अस्थाई दुकानों को मनमाने ढंग से लगाया जाता है। जिनके कारण स्थाई दुकानों तक आने का मार्ग पूरी तरह से बाधित हो जाता है।

लोगों का कहना था कि रास्ते की मांग पर झगड़ा होने लगता है। जिसके बाद वोट बैंक के चक्कर में राजनीतिक दल भी अस्थाई दुकानदारों के साथ खड़े हो जाते हैं। क्योंकि तत्काल की परिस्थितियों में उनकी संख्या अधिक होती है। अतः जनता व व्यापारियों की मांग है कि प्रशासन वही बनाएं जिसका पालन करा सके।

पूर्व गृहमंत्री मिश्रा ने परशुराम मंदिर का किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

सोमवार को पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने ग्राम पंचायत गुढला के धानसी में परसराम सूरजकुंड घाट पर भगवान परशुराम के मंदिर के लिए भूमि पूजन किया एवं गौशाला का लोकार्पण किया। मुख्य अतिथि नरोत्तम मिश्रा ने नर्मदा की पूजा कर संतों का आशीर्वाद लिया।

माखन नगर सर्व ब्राह्मण संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने मिश्रा का पगड़ी बांधकर स्वागत अभिनंदन किया। भूमि पूजन के कार्यक्रम में स्वामी स्थाणु पुरुषानंद जी महाराज शांतानंद जी सरस्वती महाराज स्वामी महंत अनुराग भार्गव कथा वाचक पूज्य बृज बिहारी सरकार अनिकेत शास्त्री महाराज भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता हर्षित गुरु मुकेश मालवीय सर्व ब्राह्मण समाज के ब्लॉक अध्यक्ष रमन शुक्ला सर्व ब्राह्मण संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने विप्र जनों को संबोधित करते हुए कहा कि लोग कहते हैं ब्राह्मणों ने मंदिरों पर एकाधिकार कर रखा है मैं उन लोगों से कहना चाहता हूं अगर एकाधिकार होता तो देश में सबसे ज्यादा भगवान परशुराम के मंदिर होते ब्राह्मण ने हमेशा वसुदेव कुटुंबकम के सिद्धांत को प्रतिपादित किया है। ब्राह्मण हमेशा विश्व कल्याण की भावना रखता है सब सुखी हो सब निरोगी हो सब स्वस्थ रहें ब्राह्मणों ने सदैव यही कल्पना की है। लोगों ने कहा भगवान श्री राम रघुवंशी क्षत्रिय है ब्राह्मण ने कहा भगवान है कुछ लोगों ने कहा श्री कृष्ण यादव हैं लेकिन ब्राह्मण ने कहा श्री कृष्ण भगवान है ब्राह्मण सदैव वसुदेव कुटुंबकम की बात करता है।

पुराने खेड़ापति मंदिर में भंडारे का आयोजन हुआ, श्रृद्धालुओं ने भक्ति भाव से पाई प्रसादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पौसार पिपरिया जिसे कहा जाता था जो आज नगरपालिका परिषद जनपद पंचायत के नाम से जानी जाती है। वह एक समय पौसार पिपरिया के नाम से जानी जाती थी। पुरानी बस्ती से आज भी उस वार्ड को जाना जाता है। जहां के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित परिवार पुरोहित पर्विारजनों के द्वारा हिंद कुमार मालपानी के खेत में खेड़ापति नाम का निर्माण कार्य किया गया था। लेकिन वह स्थान नदी के उस पार हो गया था। इसलिए नवीन खेड़ापति मंदिर का निर्माण कार्य पुरानी बस्ती में किया गया है। लेकिन पुराने खेड़ापति मंदिर में आज भी सबसे सुंदर स्थान बना हुआ है।

आज भी आसपास के लोग प्रतिदिन दर्शन करने आते हैं। लेकिन पिपरिया में नवीन मंदिर होने के कारण पिपरिया शहर तथा आसपास के लोग पुराने खेडाापतिमंदिर पर पुरोहित परिवार जनों में जैसे अशोक पुरोहित अविनाश पुरोहित के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन शरद पूर्णिमा पर किया जाता है। इस दौरान अनेकानेक लोग उपस्थित होते हुए आसपास के सभी लोग लाखों की संख्या पुरानी परंपराओं का निर्वाहन करते हुए पुराने खेड़ापति के दर्शन करने आते हैं। प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। इस परिवार की विशेषता होती है सभी राजनीतिक दलों से जुड़े हुए हैं। सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति इस बात की गवाही देती है। विशेष रूप से खड़ी मूंग की खिचड़ी कढीविशेष रुप से भंडारे तैयार किए जाते हैं। आज भी बताते हैं लगभग 120 वर्ष पुराना स्थान है। हर मनोकामना पूरी होती है। यहां पर भी समिति बनाई गई है। जो आज भी देख-रेख करते हुए पूजा अर्चना करते हैं।

लूट के अरोपी को फरियादी ने ढूंढ निकाला, पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में चाकू से हमला कर लूट करने वाले आरोपी को पुलिस डेढ़ माह तक नहीं खोज पाई। सोमवार को लूट का शिकार हुआ फूड डिलीवरी बॉय खुद आरोपी तक पहुंच गया।

मां नर्मदा और हिंगलाज माता के दर्शन के लिए आए मेहरबान सिंह अहिरवार की नजर आरोपी पर पड़ी। उसने उसे पहचान लिया फिर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपी अमन ओझा (22) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से सिर्फ हाथ घड़ी मिली है। लूटी गई बाइक, पर्स और नकदी अब तक नहीं मिली है।दरअसल, मेहरबान सिंह अहिरवार बनखेड़ी के बाचापानी गांव का रहने वाला है। वह भोपाल में फूड डिलीवरी का काम करता है। 12 सितंबर को वह बाइक से अपने गांव लौट रहा था। औबेदुल्लागंज में आरोपी ने उससे लिफ्ट मांगी। मेहरबान ने उसे बाइक पर बैठा लिया।

शाम करीब 6 बजे आरोपी ने उसे बुधनी होकर नर्मदापुरम के भीलपुरा की तरफ छोड़ने को कहा। इसके बाद बाइक हिंगलाज माता मंदिर के पास रेलवे ट्रैक की ओर ले जाने को कहा। वहां आरोपी उतर गया। कुछ देर बाद उसने मेहरबान पर चाकू से हमला कर दिया। उसने सिर पर कई वार किए। हाथ पर भी चोट पहुंचाई।

मेहरबान खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गया। इसके बाद आरोपी उसकी बाइक, पर्स, हाथ घड़ी और बैग लेकर भाग गया। पर्स में 3 हजार रुपए रखे थे। कुछ देर बाद होश आने पर मेहरबान ने रेलवे ट्रैक के पास से गुजर रहे रेल कर्मचारियों को घटना बताई। इसके बाद वह थाने पहुंचा।

शरद पूर्णिमा पर नर्मदा नदी किनारे लगा मेला भक्तों ने नर्मदा में स्नान कर लिया पुण्य लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत खैरा सुरेलाकिशोर माथनी सिवनी सहलवाडा सांडिया मे मां नर्मदा के किनारे बसे गांव में मेला लगा। आश्विन मास समाप्त होते ही तथा पवित्र कार्तिक मास के प्रारंभ होते ही मां नर्मदा नदी किनारे पर मेला लगा देर रात तक लोग पैदल यात्रा करते बाले लोगों की भी लाइन लगी हुई थी। लोग सैंकड़ों की तादाद में प्रत्येक पुर्णिमा अमावस्या को नर्मदा के दर्शन स्नान पूजन करने जाते हैं। विशेष तौर से कार्तिक पूर्णिमा वैशाख मास की पुर्णिमा को तो हजारों की संख्या में लोगों का हुजुम पैदल यात्रा करते हुए जाते हैं। लेकिन सेवकों की भी अभी नहीं है।

पैदल यात्रा करने वाले लोगों के लिए चाय पानी नासता आदि अनेक लोग सेवा करते हुए पुण्य लाभ



अर्जित करते हैं। कार्तिक मास प्रारंभ करने हेतु महिलाओं का हुजूम उमड़ पड़ा हुआ है। कार्तिक मास नहाने का विशेष महत्व बताया गया है।

इसलिए महिलाओं ने कार्तिक मास प्रारंभ करने के लिए मां नर्मदा के स्नान से प्रारंभ किया गया है।अब यह प्रतिदिन सुबह से ही लगातार स्नान करते हुए भगवान शिव विष्णु एवं माता तुलसी की पूजा अर्चना करते हुए पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।शरद पूर्णिमा पर हिंदू नारी शक्ति ने मां नर्मदा को सादर पहुंच कर सह परिवार जनों के साथ स्नान करते हुए मां नर्मदा का अभिषेक किया गया पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया गया। एक समय था जब पिपरिया विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान विधायक ठाकुरदास नागवंशी उनकी धर्मपत्नी श्रीमती ममता नागवंशी हमेशा मां नर्मदा की शरण में प्रत्येक पुर्णिमा को पैदल यात्रा करते हुए जाते थे। मां के आशीर्वाद से आज विधायक हैं। लेकिन अभी तक वहीं काम चल रहा है। इसी श्रद्धा ओर विश्वास से आज भी सैकड़ों लोग पैदल यात्रा करते हुए जाते हैं। अनेक लोग सिर्फ सेवा करने के लिए भंडारे का आयोजन करते इस तरह से अनेकानेक जगहों पर शरद पूर्णिमा पर लोगों ने दर्शन कर स्नान कर पुण्य लाभ लिया।

विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ सुना प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' का 139 वा लाइव प्रसारण वार्ड क्रमांक 15 के बूथ क्रमांक 188 पर स्थित विधायक कार्यालय पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर की उपस्तिथि में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से सुना। कार्यक्रम में विशाल चौरसिया, सुशील संचेती, सर्वेश उपाध्याय, बूथ अध्यक्ष निलेश कुमार शर्मा एडवोकेट एवं नोटरी, सर्वेश उपाध्याय, राजेश पचलासिया, युवा नेता कृष्णा शर्मा तथा भगवतसिंह मेवाड़ा, कुमेरसिंह ठाकुर, बलवीर ठाकुर, राजेश घेंघट, जितेंद्र सिठोलिया सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री देशवासियों से संवाद करते हुए सामाजिक सरोकारों, जनभागीदारी, राष्ट्र निर्माण और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा करते हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाजहित के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक ने प्रसारण में प्रधानमंत्री जी द्वारा कही बात एवं संदेश को एक वीडियो जारी कर देश के नागरिको से वोकल फ़ॉर लोकल की अपील करते हुए नागरिको से अपील की है कि आने वाले दीपावली पर हम सभी अपने स्थानीय उत्पादकों के स्थानीय उत्पाद जैसे दिये, बाती मिठाई आदि खरीदे।

पुरानी इटारसी में बस स्टैंड चालू रखने व यातायात व्यवस्था सुधारने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पुरानी इटारसी क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और जनहित में बस स्टैंड के स्थायी संचालन की मांग को लेकर पुरानी इटारसी नागरिक संघर्ष समिति ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से समिति ने प्रशासन का ध्यान पुरानी इटारसी की यातायात समस्याओं और नागरिकों की सुविधाओं की ओर आकर्षित किया है।

ज्ञापन में उठाई गई प्रमुख मांगें

पुरानी इटारसी स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज बस स्टैंड को स्थायी व सुचारू रूप से संचालित रखा जाए। समिति का कहना है कि बस स्टैंड के संचालन से थाने से नीलम होटल तक लगने वाले ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिलेगी।

ओवरब्रिज पर बस-ऑटो खड़ा करने पर रोक

ओवरब्रिज पर बस संचालकों द्वारा बनाए अघोषित बस स्टैंड और ऑटो चालकों द्वारा



वाहनों के खड़े किए जाने पर अंकुश लगाया जाए, जिससे हादसों की आशंका समाप्त हो और यातायात बाधित न हो। ब्रिज पर रुकने वाली बसों को बस स्टैंड परिसर में लाया जाए तथा पुराने बस स्टैंड पर व्यापारियों, कर्मचारियों व नागरिकों के लिए पार्किंग व्यवस्था बनाई जाए, ताकि बाजार क्षेत्र को जाम से राहत मिले।

नवीन बस स्टैंड परिसर में रात के समय असामाजिक तत्वों के जमावड़े को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से एक पुलिस चौकी स्थापित की जाए। माल गोदाम का स्थानांतरण : रेलवे स्टेशन स्थित रेलवे माल गोदाम को शहर से अन्यत्र स्थानांतरित करने पर गंभीरता से विचार किया जाए।

क्षेत्र का नव-निर्माण विकास

पुरानी इटारसी के जुझारपुर रोड और सनखेड़ा मार्ग पर तेजी से बन रही आवासीय कॉलोनियों को देखते हुए जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी क्षेत्र के नए निर्माण एवं विकास पर ध्यान दें।

समिति के प्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस क्षेत्र में तहसील कार्यालय, न्यायालय, एसडीएम कार्यालय, सिंचाई विभाग, संदीपनी स्कूल और आदिवासी विकास अधिकारी कार्यालय स्थित हैं, जिससे ग्रामीण एवं स्थानीय नागरिकों को बस स्टैंड चालू रहने से काफी सुविधा मिलेगी। नागरिक संघर्ष समिति ने जनहित में इन सभी बिंदुओं पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की है।

शरद पूर्णिमा पर कांग्रेसजनों ने किया पौधरोपण

सीहोर। रविवार को शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर कांग्रेसजनों ने बस स्टैंड स्थित टाऊन हॉल पहुंचकर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर कांग्रेसजनों ने आम और आंवला के कुल 5 पौधे रोपे। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए पंकज शर्मा ने बताया कि आज के आधुनिकता के दौर में जहां विकास कार्यों के नाम पर पेड़ काटे जा रहे हैं, जिससे पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंच रहा है तथा ग्लोबल वार्मिंग और ओजोन परत में छेद की घटनाएं होने से मानव जाति के अस्तित्व पर ही संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि हमें सबसे पहले तो वृक्षों की कटाई पर अंकुश लगाना चाहिए और सभी को अपने जीवन में कम से कम 10 फलदार और छायादार पौधों का रोपण जरूर करना चाहिए, जिससे हमारा पर्यावरण स्वच्छ रहे तथा आने वाली पीढ़ियों के अस्तित्व पर आने वाला गंभीर संकट भी टल सके। पंकज शर्मा ने आगे कहा कि हमें अपने जीवन में आने वाले हर खुशी के मौके पर कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए।

स्वामित्व योजना के अंतर्गत जिले की ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित

पात्र हितग्राहियों के दस्तावेजों का हो रहा पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशानुसार स्वामित्व योजना के अंतर्गत जिले की सभी ग्राम पंचायतों में दस्तावेजों के पंजीयन के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में पटवारी सहित संबंधित विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहकर पात्र हितग्राहियों के स्वामित्व संबंधी दस्तावेजों के पंजीयन की कार्यवाही कर रहे हैं। शिविरों के माध्यम से हितग्राहियों को पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि उन्हें पंजीयन के बाद दस्तावेजों का लाभ प्राप्त हो सके। विशेष शिविरों में पंजीयन कार्य की प्रगति का जायजा लेने के लिए एसडीएम एवं तहसीलदार द्वारा पंचायतों का भ्रमण किया जा रहा है। इस दौरान अधिकारी पंजीयन की कार्यवाही का निरीक्षण कर रहे हैं तथा संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं, जिससे पंजीयन कार्य में तेजी लाई जा सके और पात्र हितग्राहियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। स्वामित्व योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के दस्तावेजों का पंजीयन



कराना शासन की प्राथमिकता का कार्य है। कलेक्टर बालागुरु के. ने निर्देश दिए हैं कि पंजीयन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण की जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र हितग्राही पंजीयन से वंचित न रहे। इसके लिए संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी आपसी समन्वय से कार्य करते हुए पंजीयन कार्य को जल्द पूरा करें।

वित्तीय साक्षरता और वित्तीय प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर के तत्वावधान में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में एडीआर सेंटर सभाकक्ष में वित्तीय साक्षरता एवं वित्तीय प्रबंधन विषय पर वर्चुअल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. नीलम टंडन, संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, वेल बीइंग शिक्षा फाउंडेशन तथा सेबी पंजीकृत स्मार्ट ट्रेनर, नई दिल्ली ने वित्तीय नियोजन, बचत, निवेश और धन के उचित प्रबंधन के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश संजीव कुमार अग्रवाल, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय वैभव मंडलोई, विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी, जिला न्यायाधीश स्मृति सिंह ठाकुर एवं महेश कुमार वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीता गुप्ता तथा अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट स्वप्नश्री सिंह सहित अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं, न्यायिक कर्मचारियों, पैनल लॉयर्स एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल, सीहोर के सदस्यगण ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को वित्तीय साक्षरता के प्रति जागरूक करना तथा बचत, निवेश एवं वित्तीय संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए प्रोत्साहित करना था।

खरगोन पुलिस का 'जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद' कार्यक्रम पीएम श्री कॉलेज में संपन्न

कॉलेज में छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा, यातायात नियमों और नए कानूनों के प्रति किया जागरूक





हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

पुलिस अधीक्षक खरगोन रवींद्र वर्मा के निर्देशन एवं जिला सृजन नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शकुंतला रूहल के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश पुलिस एवं शिक्षा विभाग की संयुक्त पहल 'जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद' कार्यक्रम का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरगोन में युवाओं को कानून, संविधान, अधिकारों और वर्तमान अपराधों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश पुलिस एवं शिक्षा विभाग की संयुक्त पहल 'जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद' का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) एवं नोडल अधिकारी शकुंतला रूहल उपस्थित रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पीएम श्री पीजी कॉलेज की प्राचार्य डॉ. प्रो. वंदना बर्वे द्वारा की गई।

मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शकुंतला रूहल ने छात्र-छात्राओं को सृजन कार्यक्रम के मूल उद्देश्य से अवगत कराया। अपने विशेष उद्बोधन में उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि पुलिस को केवल किसी घटना के घटित होने के बाद ही याद न करें, बल्कि किसी भी संभावित अपराध या घटना के पूर्व ही सतर्क रहकर पुलिस को सूचित करें। उन्होंने युवाओं से पुलिस का सक्रिय सहयोग कर सुरक्षा व्यवस्था में 'जन भागीदार' बनने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपने कानूनी अधिकारों को गहराई से समझने, निडर बनने और किसी के भी द्वारा किए जा रहे अपराध या गलत कृत्य का डटकर विरोध करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में डीएसपी (अजाक) वर्षा सोलंकी एवं मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शकुंतला रूहल द्वारा जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद की रूपरेखा और इसके 10 अध्यायों के बारे में विद्यार्थियों को विस्तृत उद्बोधन दिया गया। इसमें नए कानूनों, साइबर फ्रॉड, ट्रैफिक सुरक्षा और महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के संबंध में बताया गया। जिला सहायक अभियोजन अधिकारी सरिता चौहान द्वारा बच्चों को नए कानूनों, पॉक्सो एक्ट, किशोर न्याय अधिनियम और महिला अपराधों के बारे में विधिक जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय की साइबर शाखा से उपनिरीक्षक दीपक तलवारे द्वारा छात्र-छात्राओं को वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से समझाया गया। उन्होंने बच्चों को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी से बचने के उपाय, नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल और हेल्पलाइन नंबर 1930 की कार्यप्रणाली के संबंध में तकनीकी जानकारी प्रदान की।

यातायात निरीक्षक रमेश सोलंकी द्वारा ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी गई तथा सड़क दुर्घटनाओं और सुरक्षा के संबंध में विद्यार्थियों को वीडियो क्लिप्स दिखाकर जागरूक किया गया। सृजन कार्यक्रम के संयोजक उपनिरीक्षक अमजद खान द्वारा नए कानूनों के तहत अनुसंधान करने की प्रक्रिया, ई-एफआईआर (ए-ऋकफ), जीरो एफआईआर (0-ऋकफ) दर्ज करने से लेकर न्यायालय में चालान प्रस्तुत करने तक की पूरी प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही थाना भ्रमण, डायल 112 और अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. प्रो. डी.एस. बामनिया और कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर असिस्टेंट प्रोफेसर संतोष राठौड़ उपस्थित रहे।

खमलाय में ग्राम पंचायत भवन का भूमिपूजन

'गांव, गरीब व किसान का कल्याण भाजपा सरकार की प्राथमिकता'



हरदा। प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कमल पटेल ने सोमवार को खिरकिया विकासखंड के ग्राम खमलाय में 37 लाख 50 हजार रुपए की लागत से बनने वाले नवीन ग्राम पंचायत भवन का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम गांव में पुराने माध्यमिक शाला भवन के पास आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमल पटेल ने कहा कि गांव, गरीब और किसान का कल्याण भाजपा सरकार की पहली प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देश और प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति मिल रही है। पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायत भवन गांव के विकास का प्रमुख केंद्र होता है। यहीं से ग्रामीण विकास की योजनाओं की रूपरेखा तैयार होती है और शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने में मदद मिलती है। नया पंचायत भवन बनने से ग्राम पंचायत के कार्यों के संचालन और ग्रामीणों को सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि खिरकिया क्षेत्र के गांवों में सड़कों का विस्तार, हर घर नल से जल, स्कूल भवनों का उन्नयन और सिंचाई सुविधाओं का विस्तार ग्रामीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य हैं। भाजपा सरकार गांवों के विकास और किसानों सहित समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। भूमिपूजन कार्यक्रम में खिरकिया जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सोलंकी, सरपंच ममता बाई भंवर, उपसरपंच अल्पना पटेल, ग्राम के वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण बोस, उपसरपंच प्रतिनिधि सुभाष मास्टर, सुभाष पुनिया, सुखराम उमरिया, तेजराम पटेल बड़नगर, राधेश्याम गोदारा, पृथ्वी विश्नोई, शिवकुमार बघेल और हरनाम सिंह बघेल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

मृत्यु के बाद जरूरतमंदों को नया जीवन देने की पहल

50वें जन्मदिन पर नेमा दंपती ने लिया अंगदान का संकल्प



हरदा। जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए लोग अलग-अलग तरीके अपनाते हैं, लेकिन वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष दीपक नेमा और उनकी पत्नी एडवोकेट मंजू नेमा ने अपने जीवन के 50वें पड़ाव पर समाज के लिए प्रेरणादायी पहल की है। नेमा दंपती ने मृत्यु के बाद अपने उपयोगी अंगों का दान करने का संकल्प लिया है। इसके लिए उन्होंने ऑनलाइन फॉर्म भरकर विधिवत शपथ भी ली।

दीपक नेमा ने बताया कि उनका जन्मदिन 25 अक्टूबर को मनाया गया, जबकि उनकी पत्नी एडवोकेट मंजू नेमा का जन्मदिन 30 अक्टूबर को है। दोनों इस वर्ष अपने जीवन के 50वें पड़ाव पर पहुंचे हैं। इस विशेष अवसर को केवल उत्सव तक सीमित न रखते हुए समाज के लिए कुछ सार्थक करने के उद्देश्य से उन्होंने अंगदान का निर्णय लिया। नेमा दंपती का मानना है कि अंगदान के माध्यम से मृत्यु के बाद भी किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने में योगदान दिया जा सकता है। किसी मरीज को अंग प्रत्यारोपण से जीवन की नई उम्मीद मिल सकती है और उसके परिवार में खुशियां लौट सकती हैं। उन्होंने कहा कि खुशियां केवल अपने लिए मनाने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि दूसरों के जीवन में भी उजाला लाने का प्रयास करना चाहिए। अंगदान का संकल्प समाज में इस विषय के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ अन्य लोगों को भी आगे आने के लिए प्रेरित कर सकता है।

सड़क हादसे में बुजुर्ग गंभीर घायल, ड्राइवर पुलिस हिरासत में

हरदा। टिमरनी थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर करीब एक बजे सड़क हादसे में 72 साल के बुजुर्ग लखनलाल गागरे गंभीर घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां से भोपाल रेफर किया गया है। नांदवा गांव के रहने वाले लखनलाल अपनी साइकिल से सोडलपुर बैंक से रुपये निकालने जा रहे थे। बहरागांव के पास बैतूल की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में लखनलाल के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। उनके छोटे बेटे रामचंद्र ने बताया कि उन्होंने ट्रक चालक को पकड़कर टिमरनी थाने में पुलिस को सौंप दिया है। ड्यूटी डॉक्टर रानू गुर्जर ने बताया कि मरीज की हालत गंभीर है। उन्हें आगे के इलाज के लिए हायर सेंटर भेजा जा रहा है।

बरूड़ ग्राम में सड़क पर गंदा पानी पाए जाने पर कलेक्टर ने दिए थे सफाई के निर्देश

कलेक्टर ने बरूड़, सिनखेड़ा और कसरावद में स्वामित्व योजना के कार्यों का किया निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

कलेक्टर गुरु प्रसाद ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का जायजा लेने के लिए बरूड़ एवं सिनखेड़ा ग्राम का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने रजिस्ट्री कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी ली। बरूड़ में निरीक्षण के दौरान शोभाराम मायाराम की रजिस्ट्री की कार्यवाही भी संपन्न हुई। कलेक्टर ने ग्राम सिनखेड़ा में स्वामित्व योजना के तहत किए जा रहे रजिस्ट्री कार्यों का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों से कार्यों की स्थिति की जानकारी ली। इसके साथ ही एसडीएम कार्यालय कसरावद में स्वामित्व योजना के कार्यों की समीक्षा की गई। योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने तथा रजिस्ट्री संबंधी कार्यों को समय पर पूर्ण करने पर जोर दिया गया।

ग्राम बरूड़ में सफाई अभियान चलाया गया

दौरे के दौरान कलेक्टर ने ग्राम बरूड़ में सड़क पर नालियों का गंदा पानी बहता हुआ देखा। इस पर उन्होंने तत्काल पूरे ग्राम में साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए थे। निर्देशों के पालन में ग्राम पंचायत द्वारा पूरे गांव में सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत सड़कों एवं नालियों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया। कलेक्टर ने स्वामित्व योजना के कार्यों में तेजी लाने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने और नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया।

चारखेड़ा गांव में खेत में मिला अजगर



हरदा। टिमरनी थाना क्षेत्र के चारखेड़ा गांव में सोमवार सुबह एक खेत में करीब 12 से 13 फीट लंबा अजगर मिला। इसका वजन लगभग 45 किलो बताया गया है। खेत में काम कर रहे मजदूर ने अजगर को झाड़ियों में छिपा देखा, जिसके बाद सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने सावधानी से अजगर को पकड़ लिया। घटना में किसी तरह के नुकसान की जानकारी नहीं है। फोरलेन के पास चारखेड़ा निवासी गणेश रायखेरे के खेत में मजदूर मनीष पानी दे रहा था। इसी दौरान उसे झाड़ियों में कोई बड़ा जीव दिखाई दिया। पास जाकर देखने पर पता चला कि वह अजगर है। मनीष ने तुरंत इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे एक व्यक्ति ने दो अन्य लोगों की मदद से अजगर को सावधानी से पकड़ लिया। खेत में इतने बड़े अजगर के मिलने की खबर से आसपास के लोगों में जिज्ञासा रही। हालांकि, इस घटना में किसी के घायल होने या अन्य नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई है।

अग्रवाल समाज के मांगलिक भवन में गरबा और रासलीला ने बांधा समां

राधा-कृष्ण की झांकियों और भजनों पर झूमे समाजजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

नवरात्रि और शरद पूर्णिमा के अवसर पर अग्रवाल समाज द्वारा सेठ हरिशंकर मांगलिक भवन में गरबा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां लक्ष्मी की आरती के साथ हुआ। इसके बाद इंदौर के प्रसिद्ध आर्केस्ट्रा की प्रस्तुति, राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकियों और नृत्य ने आयोजन को भक्तिमय बना दिया। कोरियोग्राफर अंतिमा के निर्देशन में गरबे की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। समाज की बेटियों और बहुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए शानदार नृत्य प्रस्तुत किए। मां के भजनों से पूरा भवन गूंज उठा और उपस्थित समाजजन भक्ति व उत्साह के माहौल में गरबा करते नजर आए।

कार्यक्रम में राधा-कृष्ण की सुंदर झांकियां और उनकी रासलीला विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। राधा-कृष्ण के मनमोहक स्वरूप और नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। इस दौरान राधा-कृष्ण और माता रानी को खिचड़ी व रबड़ी का भोग अर्पित किया गया। आयोजन में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष, युवा मंडल के पदाधिकारियों और महिला मंडल के सदस्यों ने व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभाली। पूरे कार्यक्रम में समाजजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और भक्ति, उल्लास व आनंद के वातावरण का अनुभव किया।

स्वयंसेवकों ने दिया संगठन और राष्ट्रसेवा का संदेश

संघ के शताब्दी वर्ष पर हरदा नगर की 12 बस्तियों में निकले पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर हरदा नगर की सभी 12 बस्तियों में अलग-अलग पथ संचलन निकाले गए। संघ के 101वें वर्ष में प्रवेश के उपलक्ष्य में आयोजित इन संचलनों में स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में शामिल हुए। उन्होंने अनुशासित कदमताल के साथ संचलन किया। नगर में विभिन्न दायित्वों पर कार्यरत कार्यकर्ताओं ने भी सहभागिता की। बस्ती रचना के अनुसार आयोजित पथ संचलनों की तैयारियां कार्यकर्ता पिछले कई दिनों से कर रहे थे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संघ के शताब्दी वर्ष के उद्देश्यों, हिंदू समाज के संगठन, अनुशासन और व्यक्ति निर्माण के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

वक्ताओं ने कहा कि संघ का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित कर गुण-संपन्न और संस्कारवान व्यक्तियों का निर्माण करना है। समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए स्वयंसेवकों को अपने आचरण और व्यवहार से आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। संघ का कार्य राष्ट्रसेवा, समाज संगठन और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है। संघ के 101वें वर्ष में प्रवेश के साथ कार्य को और व्यापक बनाने, प्रत्येक बस्ती में सतत संपर्क बढ़ाने, अधिक स्थानों पर शाखाओं का विस्तार करने तथा समाज के सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया।



अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों का निराकरण सराहनीय : यादव

मुख्यमंत्री, स्कूल शिक्षा मंत्री व आयुक्त के प्रति जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा लंबित अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के निराकरण के लिए चलाया गया अभियान सराहनीय एवं राहत प्रदान करने वाला कदम है। राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव ने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह एवं आयुक्त अभिषेक सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है। यादव ने कहा कि शासकीय सेवा के दौरान किसी कर्मचारी की असामयिक मृत्यु से उसके परिवार पर दुःख का पहाड़ टूट पड़ता है। ऐसे कठिन समय में अनुकंपा नियुक्ति परिवार को आर्थिक संबल प्रदान करने के साथ ही उसके भविष्य को सुरक्षित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। लंबित प्रकरणों के निराकरण की दिशा में सरकार द्वारा किया गया प्रयास अनेक परिवारों के जीवन में नई आशा और विश्वास का संचार करेगा।

भोपाल के रवींद्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग के 655 सहायक ग्रेड-3, 26 प्राथमिक शिक्षक एवं 257 भृत्य पदों के लिए अनुकंपा नियुक्ति आदेश वितरित किए जाने का उल्लेख करते हुए यादव ने नियुक्ति प्राप्त करने वाले सभी आश्रितों एवं उनके परिवारों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि अनुकंपा नियुक्ति के लिए एक स्थायी, स्पष्ट एवं अनिवार्य नीति बनाई जाए, जिसके अंतर्गत दिवंगत शासकीय सेवक के पात्र आश्रित को निर्धारित समय-सीमा में नियुक्ति मिलना सुनिश्चित हो सके। इससे परिवारों को वर्षों तक कार्यालयों के चक्कर लगाने और अनिश्चितता का सामना करने से राहत मिलेगी।



सिंगाजी महाराज की समाधि पर भक्तों ने विशेष परंपरा निभाई

हरदा। रविवार शाम को शरद पूर्णिमा पर कई आयोजन हुए। निमाड़ के संत सिंगाजी महाराज की समाधि पर भक्तों ने विशेष परंपरा निभाई। गुर्जर छात्रावास के पास सिंगाजी मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए निशान यात्रा लेकर पहुंचे। इसी दौरान, जाट छात्रावास में बाबीसा ब्राह्मण समाज ने शरदोत्सव मनाया। इसमें परिवारों, महिलाओं और बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और गरबा प्रस्तुतियां दीं। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में गरबा नृत्य किया और माता रानी की आरती उतारी। कार्यक्रम में समाज के केंद्रीय अध्यक्ष मानवेंद्र त्रिवेदी, महामंत्री धर्मेंद्र शास्त्री और डॉ. सुनील शुक्ला मौजूद रहे। महिला संगठन की अध्यक्ष मंजू पांडे और सचिव अश्लेषा शुक्ला ने बताया कि यह महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए था। समाज अध्यक्ष संदीप डाले ने नेत्रदान और देहदान की घोषणा करने वाले परिवारों, साथ ही प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया। समाज ने बालिका शिक्षा और स्वरोजगार को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कोषाध्यक्ष शरद व्यास ने जन्मदिन पर समाज भवन में सोलर पैनल के लिए राशि भेंट की।

शरद पूर्णिमा के अवसर पर जैन समाज ने मनाई आचार्य विद्यासागर महाराज की 81वीं जन्म जयंती

श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में उत्कृष्ट द्रव्यों से हुआ सामूहिक पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

शरद पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को हरदा के खेड़ीपुरा स्थित श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आचार्य विद्यासागर महाराज की 81वीं जन्म जयंती जैन समाज द्वारा हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आचार्यश्री के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा व्यक्त करते हुए समाजजनों ने उत्कृष्ट द्रव्यों से सामूहिक पूजन किया। धार्मिक आयोजन में समाज के गुरुभक्तों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर धर्मलाभ प्राप्त किया।

जन्म जयंती के अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण रहा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ आचार्यश्री का पूजन-अर्चन कर उनके त्याग, तपस्या, संयम, करुणा और आध्यात्मिक जीवन का स्मरण किया। सामूहिक पूजन के दौरान उपस्थित समाजजनों ने गुरुवर के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। आचार्य विद्यासागर महाराज का जीवन त्याग, तपस्या, अहिंसा और जीवदया की प्रेरणा देने वाला रहा है। उनके विचारों और आध्यात्मिक संदेशों ने देशभर में लाखों लोगों को धर्म, संस्कार और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। उनकी जन्म जयंती पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के माध्यम से समाजजनों ने गुरुवर के प्रति अपनी श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर आचार्य भगवन 108 समयसागर महाराज एवं गणिनी आर्यिका 105 ज्ञानमती माताजी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भी श्रद्धा व्यक्त की गई। आयोजन ने समाज में धार्मिक एकता, आपसी सद्भाव और गुरुभक्ति की भावना को और मजबूत किया। जैन समाज के कोषाध्यक्ष राजीव जैन ने बताया कि आचार्यश्री की जन्म जयंती पर समाज के सभी गुरुभक्तों ने एकजुट होकर सामूहिक पूजन में भाग लिया। सभी ने श्रद्धापूर्वक पूजन-अर्चन कर गुरुवर के चरणों में श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में धर्म के प्रति आस्था, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना को प्रगाढ़ करते हैं।

